मानूसिंह आदि विरूद्ध भारतसिंह आदि

X(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक निगरानी 3902–एक / 13 जिला – भिण्ड

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
9.2.15	प्रकरण का अवलोकन किया । यह निगरानी अपर तहसीलदार, वृत ऊमरी परगना भिण्ड द्वारा प्रकरण क्रमांक 3/2008–09/अ–27 में पारित आदेश दिनांक 4–1–12 के विरूद्ध म0प्र0 भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है । आलोच्य आदेश द्वारा अधीनस्थ न्यायालय ने आपत्तिकर्ता की आपत्ति निरस्त करते हुए प्रकरण अवलोकन हेतु नियत किया है । 2/ आवेदकगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा 7 दिवस में लिखित पेश करने के निर्देश दिए गए थे किंतु उनके द्वारा आज दिनांक तक लिखित बहस पेश नहीं की गई है । 3/ अनावेदक की ओर से लिखित बहस पेश की गई है । 4/ आवेदक अधिवक्ता द्वारा निगरानी मेमो में दिए गए आधारों एवं अनावेदक की ओर से लिखित बहस में दिए गए तर्कों के परिप्रेक्ष्य में अभिलेख का अवलोकन किया गया । अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रकरण अभी विचाराधीन है । प्रकरण में उभयपक्षों द्वारा अधीनस्थ न्यायालय में बहस प्रस्तुत की जा चुकी है अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की लिखित बहस पर विचार करने के उपरांत आपत्तिकर्ता की आपत्ति को निरस्त कियाग या है तथा प्रकरण अवलोकन हेतु रखा गया है । अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अभी उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत लिखित बहस के आधार पर प्रकरण में निर्णय होना है ऐसी स्थिति में इस स्तर पर प्रकरण में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है । दर्शित परिस्थिति में यह निगरानी निरस्त की जाती है । 5/ उभयपक्ष सूचित हों एवं अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख वापिस हो । सदस्य	

न्यायालय माननीय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक /२०१३ निगरानी R 3902-I/13

दिनांक 29-10-2013 को
श्री ~~प्रकाo~~ के कचरवी
अभि० द्वारा प्रस्तुत।
29-10-13
A.S.O

१- भानूसिंह पुत्र बलराम सिंह,
२- इन्दल सिंह पुत्र प्रताप सिंह,
३- भंवर सिंह पुत्र प्रताप सिंह,
४- श्यामसिंह पुत्र प्रताप सिंह,
५- रामसिंह पुत्र बलराम सिंह,
६- मु० प्रेमादेवी बेवा बहादुरसिंह,
७- जितेन्द्र सिंह पुत्र केशव सिंह,
समस्त निवासीगण- ग्राम गेवत मौजा ऊमरी,
तहसील व जिला भिन्ड-मध्यप्रदेश।

-------- प्रार्थीगण

विरुध्द

१- भारत सिंह २- सुघर सिंह ३- धीरज सिंह ४- दर्शन सिंह ५- तेज सिंह	पुत्रगण करन सिंह समस्त निवासीगण ग्राम गेवत मौजा ऊमरी, तहसील व जिला भिण्ड-म०प्र०

----- असल प्रतिप्रार्थीगण।

29/10/13

६- संदीप सिंह पुत्र भंवर सिंह,
७- ज्ञानसिंह पुत्र बलराम सिंह,
८- उजागर सिंह पुत्र ~~बब~~ बलरामसिंह,
९- अतिवल सिंह पुत्र बलरामसिंह,
समस्त निवासीगण गेवत मौजा ऊमरी,
तहसील व जिला भिण्ड-मध्यप्रदेश।

----तरतीबी प्रतिप्रार्थीगण।

निगरानी विरुध्द आदेश अपर तहसीलदार महोदय [illegible]